BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
SENIOR SECONDARY| CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL
ANNUAL EXAMINATION- (2025-26)
HINDI

Class : IV | Duration: 1.30 Hrs
Date : 15-03-25 | Max. Marks: **40**
Admission No.: | Roll No.:

सामान्य निर्देश

- प्रश्न -पत्र चार खंडों में विभाजित है |
- कृपया उसके अनुसार प्रश्न -पत्र हल करें |
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
- प्रश्न संख्या लिखकर उत्तर दीजिए |

खंड क (अपठित बोध)

प्रश्न **1** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए:-

किसी तालाब में एक बातूनी कछुआ रहता था। उसी तालाब के किनारे दो हंस भी रहते थे। वे तीनों आपस में मित्र थे। एक बार गरमी के मौसम में तालाब का पानी सूखने के कारण हंस दूसरे तालाब पर उड़कर जाने के लिए तैयार हो गए। कछुआ भी तैयार था, लेकिन उसे ले जाने की समस्या थी। कछुए ने उपाय बताया कि दोनों हंस अपनी चोंच में एक लकड़ी के सिरों को पकड़ लेंगे और वह उस लकड़ी को अपने मुँह से पकड़ लेगा, जिससे तीनों मित्र एक साथ एक ही तालाब पर रहेंगे। हंसों ने कहा कि उपाय तो अच्छा है, लेकिन बातूनी होने के कारण तुम रास्ते में बात न करने लगना नहीं तो तुम नीचे गिरकर मर जाओगे। कछुए ने कहा कि वह मूर्ख नहीं है । वह अपने पैर पर स्वयं कुल्हाड़ी क्यों मारेगा? योजनानुसार वे उड़ गए। रास्ते में कुछ लोगों की बात सुनकर कछुआ बोल पड़ा और नीचे गिरकर अपनी जान खो बैठा। हमें कभी भी फालतू बातों में न पड़कर अपने लक्ष्य की तरफ़ ही ध्यान देना चाहिए।

(i) कछुआ कहाँ रहता था? [1]
(a) नदी (b) नहर (c) जंगल (d) तालाब

(ii) तीन मित्र कौन-कौन थे? [1]
(a) दो हंस एक कछुआ (b) एक कछुआ और एक हंस
(c) तीन हंस (d) तीन कछुए

(iii) किसे दूसरे तालाब में जाने की समस्या थी? [1]
(a) हंसों को (b) कछुए को
(c) लोगों को (d) सभी को

(iv) तालाब सूख गया, क्योंकि:- [1]
(a) बहुत गरमी थी (b) बहुत सरदी थी
(c) बहुत वर्षा हो रही थी (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(v) तालाब में कितने हंस थे? [1]
(a) चार (b) तीन (c) पाँच (d) दो

(vi) हंसों ने कछुए को क्या सलाह दी ? [1]

(vii) कछुए ने क्या गलती की और उसके साथ क्या घटना घटी ? [1]

खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न **2** दिए गए शब्दों के दो -दो पर्यायवाची शब्द लिखिए **:-** (कोई दो) **[1]**

(i) हवा
(ii) आकाश
(iii) धरती

प्रश्न **3** दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए **:-** (कोई दो) **[1]**

(i) अँधेरा
(ii) अपना
(iii) शांत

प्रश्न **4** लिंग बदलिए **:-** (कोई दो) **[1]**

(i) पुत्र
(ii) सेठ
(iii) श्रीमान

प्रश्न **5** अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए **:-** (कोई एक) **[1]**

(i) खेती करने वाला
(ii) जो कभी न मरे

प्रश्न **6** संज्ञा शब्द पहचानिए **:-** (कोई एक) **[1]**

(i) कमल मेरा भाई है |
(ii) मोर नाचता है |

प्रश्न **7** दिए गए शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए **:-** (कोई दो) **[1]**

(i) पंखा
(ii) दरवाज़ा
(iii) बगीचा

प्रश्न **8** वर्णों को मिलाकर शब्द बनाइए **:-** (कोई दो) **[1]**

(i) र्+ओ+ह्+अ+न्+अ
(ii) म् + ए + ल् + आ
(iii) म् + आ + त् + आ

प्रश्न **9** सर्वनाम शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए **:-** (कोई एक) **[1]**

(i) तुम
(ii) उन्होंने

प्रश्न **10** दिए गए वाक्यों में क्रिया शब्द बताइए **:-** (कोई एक) **[1]**

(i) राज पढ़ रहा है ||
(ii) रवि कार चला रहा है |

प्रश्न **11** दिए गए वाक्य में काल भेद बताइए **:-** (कोई एक) **[1]**

(i) कल विहान का जन्मदिन था |
(ii) रवि पढ़ रहा है |

खंड ग (पाठ्यपुस्तक)

प्रश्न 12 निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए **:-** **[5]**

किसी शहर में एक अमीर आदमी रहता था। उसने समुद्री व्यापार से बहुत धन कमाया था लेकिन अब वह बूढ़ा हो चुका था और चाहता था कि उसका बेटा उसका काम सँभाल ले। लेकिन उसका बेटा

आलसी था। मेहनत करने की न तो उसे आदत थी और न ही उसकी इच्छा। पिता के समझाने का उस पर कोई असर नहीं होता था।
एक दिन सुबह-सुबह अमीर आदमी ने अपने बेटे को पास बुलाया और कहा, "जाकर कुछ कमा लाओ, नहीं तो रात को खाना नहीं मिलेगा।"
लड़का सीधे अपनी माँ के पास गया और रोने लगा | माँ ने बेटे की आँखों में आँसू और मुख पर चिंता देखी तो वह बेचैन हो गई। उसने अपना संदूक खोला और एक अशर्फी निकालकर बेटे को दे दी।

(i) शहर में कैसा आदमी रहता था?

(a) गरीब (b) अमीर (c) कामचोर (d) आलसी

(ii) उसने कैसे धन कमाया?

(a) चोरी करके (b) खेती करके (c) सब्जी बेंचकर (d) समुद्री व्यापार से

(iii) बेटा कैसा था?

(a) मेहनती (b) आलसी (c) लालची (d) लड़ाकू

(iv) अमीर आदमी ने बेटे कब बुलाया?

(a) रात को (b) दोपहर को (c) सुबह को (d) शाम को

(v) लड़का सबसे पहले अशर्फ़ी माँगने किसके पास गया?

(a) पिता (b) बहन (c) भाई (d) माँ

प्रश्न **13** दिए गए अति लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए**:-** (कोई चार) **[4]**

(i) बंदर किसकी तलाश में घूम रहा था?
(ii) रमन को सुबह -सुबह क्या परेशानी हुई?
(iii) दूधवाला चिठ्ठी देखकर क्यों रोने लगा?
(iv) कहाँ का दशहरा दुनिया भर में मशहूर है?
(v) टिलटिल ने अपने भाई -बहनों को किससे सावधान किया था?
(vi) चिठ्ठी में क्या लिखा था?

प्रश्न **14** दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए **:-** (कोई चार) **[4]**

(i) हमारे देश को सोने की चिड़िया क्यों कहा जाता था ?
(ii) सेठ का संदूक उठाने पर पर लड़के का क्या हाल हुआ?
(iii) बूढ़ी औरत ने दूधवाले को रोकते हुए क्या कहा?
(iv) भागने -दौड़ने, नाचने -गाने से क्या लाभ होता है ?

खंड घ लेखन –कौशल

प्रश्न 15 निम्नलिखित में किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए **:-** **[5]**

(i) पेड़ों के लाभ
(ii) मेरा परिवार

प्रश्न 16 निम्नलिखित में किसी एक विषय पर पर संवाद लिखिए **:-** **[5]**

(i) साइकिल खरीदने के पिता -पुत्र के बीच संवाद
(ii) फलवाले और ग्राहक के बीच बातचीत

============================== समाप्त ==============================